रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 106] नई दिल्ली, बुधवार, फरवरी 17, 2016/माघ 28, 1937
No. 106] NEW DELHI, WEDNESDAY, FEBRUARY 17, 2016/MAGHA 28, 1937

IndiaCode

वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)
अधिसूचना

नई दिल्ली, 16 फरवरी, 2016

सा.का.नि. 172 (अ).—केन्द्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उप-धारा (2) के खंड (घ) और (ङ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**.—(1) इन नियमों को **"बिजु पटनायक जन्मशती"** के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए एक सौ रुपये और पांच रुपये के सिक्कों का निर्माण नियम, 2016 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **सिक्कों का अंकित मूल्य.— "बिजु पटनायक जन्मशती"** के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए केन्द्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का निर्माण किया जाएगा, अर्थात :—

(i) एक सौ रुपये;

(ii) पांच रुपये;

3. **सिक्कों की विमाएं और संरचना –** नियम 2 में उल्लिखित अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात् :—

सिक्के का अंकित मूल्य	आकृति और बाह्य व्यास	दांतों की संख्या	धातु संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ रुपये	वृत्ताकार मिलीमीटर 44	200	**चतुर्थक मिश्र धातु** रजत –50 प्रतिशत तांबा–40प्रतिशत निकल-05 प्रतिशत जस्ता-05 प्रतिशत
पांच रुपये	वृत्ताकार मिलीमीटर 23	100	**निकल पीतल** तांबा-75 प्रतिशत जस्ता-20 प्रतिशत निकल-05 प्रतिशत

4. **डिज़ाइन** – सिक्कों का डिज़ाइन निम्नानुसार होगा :—

(i) एक सौ रुपये

अग्र भाग

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** मुद्रा लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाहिनी ऊपरी परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा और सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"100"** भी होगा।

पृष्ठ भाग

सिक्के के इस भाग के मध्य में **"बिजु पटनायक"** की आकृति होगी जिसके साथ ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"बिजु पटनायक जन्मशती"** लेख और निचली परिधि में अंग्रेजी में **"BIJU PATNAIK BIRTH CENTENARY"** और आकृति के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंको में वर्ष **"1916-2016"** उत्कीर्ण किया जाएगा।

(ii) पांच रुपये

अग्र भाग

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** मुद्रा लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाहिनी ऊपरी परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा और सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"5"** भी होगा।

पृष्ठ भाग

सिक्के के इस भाग के मध्य में **"बिजु पटनायक"** की आकृति होगी जिसके साथ ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"बिजु पटनायक जन्मशती"** लेख और निचली परिधि में अंग्रेजी में **"BIJU PATNAIK BIRTH CENTENARY"** और आकृति के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंकों में वर्ष **"1916-2016"** उत्कीर्ण किया जाएगा।

5. **मानक वजन तथा अनुमत छूट** — **"बिजु पटनायक जन्मशती"** के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए बनाए गए निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का मानक वजन और ऐसे सिक्कों को बनाने में अनुज्ञात उपचार निम्नलिखित सारणी में यथाविनिर्दिष्ट रूप में होगा, अर्थात् :—

सारणी

सिक्के का अंकित मूल्य	मानक वजन	अनुमत छूट	
		संघटन में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ रुपये	35 ग्राम	रजत में 1/500वां जमा या घटा अर्थात रजत के अंश में प्रति 1000 में 498 से 502 तक का अंतर हो सकेगा ।	1/100वां जमा या घटा अर्थात वजन में 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक हो सकता है ।
पांच रुपये	ग्राम 6	तांबा और जस्ता के लिए 1/100वां जमा या घटा, अर्थात तांबे में 74 प्रतिशत से 76 प्रतिशत और जस्ता में 19 प्रतिशत से 21 प्रतिशत का अंतर हो सकता है तथा निकल के लिए 1/200वां जमा या घटा अर्थात निकल में 4.5 प्रतिशत से 5.5 प्रतिशत का अंतर हो सकता है ।	1/40वां कम या ज्यादा अर्थात वजन में 5.85 ग्राम से 6.15 ग्राम का अंतर हो सकता है ।

[फा. सं. 02/17/2015-सिक्का]

पंकज गुप्ता, अवर सचिव (एस. पी. एम. सी. और सिक्का)

IndiaCode

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 16th February, 2016

G.S.R.172 (E). – In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of Section 24 of the Coinage Act, 2011 (11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely : –

1**. Short title and commencement.-** (1) These rules may be called the Coinage of One Hundred Rupees and Five Rupees Coins to Commemorate the Occasion of "BIJU PATNAIK BIRTH CENTENARY" Rules, 2016

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coins.-** The coins of the following denominations shall also be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate the occasion of "BIJU PATNAIK BIRTH CENTENARY", namely:—

(i) One Hundred Rupees;
(ii) Five Rupees.

3. **Dimension and composition of coins.-** The coins of the denominations mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely : –

Denomination of coin	Shape and outside diameter	Number of serrations	Metal composition
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Rupees	Circular 44 millimeters	200	**Quaternary Alloy** Silver - 50 per cent Copper -40 per cent Nickel - 05 per cent Zinc - 05 per cent
Five Rupees	Circular 23 millimeters	100	**Nickel Brass** Copper -75 per cent Zinc - 20 per cent Nickel - 05 per cent

IndiaCode

4. **Design.-**The design of the coins shall be as under: –

(i) **ONE HUNDRED RUPEES**

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend "सत्यमेव जयते" inscribed below, flanked on the left periphery with the word "भारत" in Devanagari script and on the right periphery flanked with the word "INDIA" in English, and it shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "**100**" in the international numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

The face of coin shall bear the portrait of "BIJU PATNAIK" in the centre, with the inscription "बिजु पटनायक जन्मशती" in Devanagari script on upper periphery and the lower periphery shall bear the inscription "BIJU PATNAIK BIRTH CENTENARY" in English, and the year's figure "1916-2016" shall be written below the portrait of "BIJU PATNAIK".

(ii) FIVE RUPEES

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend "सत्यमेव जयते" inscribed below, flanked on the left periphery with the word "भारत" in Devanagari script and on the right periphery

flanked with the word "INDIA" in English, and it shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "5" in the international numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

The face of coin shall bear the portrait of "BIJU PATNAIK" in the centre, with the inscription "बिजु पटनायक जन्मशती" in Devanagari script on the upper periphery and the lower periphery shall bear the inscription "BIJU PATNAIK BIRTH CENTENARY" in English, and the year's figure "1916-2016" shall be written below the portrait of "BIJU PATNAIK".

5. **Standard weight and remedy allowed.-** The standard weight of the coins of the following denominations, coined to commemorate the occasion of "**BIJU PATNAIK BIRTH CENTENARY"** and the remedy allowed in making of such coins shall be as specified in the following table, namely:–

TABLE

Denomination of coin	Standard weight	Remedy allowed	
		In composition	In standard weight
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000.	1/100th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 34.65 grams to 35.35 grams.
Five Rupees	6 Grams	1/100th plus or minus for Copper and Zinc, that is to say Copper could vary from 74 per cent to 76 per cent and Zinc from 19 per cent to 21 per cent and 1/200th plus or minus for Nickel that is to say Nickel could vary from 4.5 per cent to 5.5 per cent.	1/40th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 5.85 grams to 6.15 grams.

[F. No. 02/17/2015-Coin]

PANKAJ GUPTA, Under Secy. (SPMC and Coin)

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.